# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 14)(प्राकृतिक संपदा)

(कक्षा – 9)

## पेज 226

**प्रश्न 1:**

जल-चक्र के क्रम में जल की कौन-कौन सी अवस्थाएँ पायी जाती हैं?

**उत्तर 1:**

जल-चक्र के क्रम में जल की निम्नलिखित तीन अवस्थाएँ पायी जाती हैं:

- द्रव अवस्था (जल के रूप में)
- गैस अवस्था (जलवाष्प के रूप में)
- ठोस अवस्था (बर्फ के रूप में)।

**प्रश्न 2:**

जैविक रूप से महत्वपूर्ण दो यौगिकों के नाम दीजिए जिसमें ऑक्सीजन और नाइट्रोजन दोनों पाए जाते हों?

**उत्तर 2:**

जैविक रूप से महत्वपूर्ण दो यौगिक प्रोटीन और न्यूक्लिक अम्ल हैं जिसमें ऑक्सीजन और नाइट्रोजन दोनों पाए जाते हैं।

**प्रश्न 3:**

मनुष्य की किन्हीं तीन गतिविधियों को पहचानें जिनसे वायु में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है।

**उत्तर 3:**

मनुष्य की तीन गतिविधियाँ जिनसे वायु में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढती है:

- जीवाश्म इंधनों को उद्योगों उपयोग करना।
- जंगलों में आग लगाना।
- वाहनों में पेट्रोल तथा डीजल का उपयोग करना।

**प्रश्न 4:**

ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?

**उत्तर 4:**

कुछ गैसें (जैसे: मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, आदि) पृथ्वी से ऊष्मा को पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर जाने से रोकती हैं जिससे वातावरण का औसत तापमान बढ जाता है। इस प्रकार के प्रभाव को ग्रीन हाउस प्रभाव कहते हैं। ग्रीन हाउस प्रभाव के कारण ही वैश्विक उष्मीकरण (global warming) की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

**प्रश्न 5:**

वायुमंडल में पाए जाने वाले ऑक्सीजन के दो रूप कौन-कौन से हैं?

**उत्तर 5:**

वायुमंडल में पाए जाने वाले ऑक्सीजन के दो रूप ऑक्सीजन ($O_2$) तथा ओजोन ($O_3$) हैं।